सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-431

10/10/2018

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई सुखाड़ से संबंधित समीक्षा बैठक

पटना, 10 अक्टूबर 2018 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सुखाड़ से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में कम वर्षा होने के कारण फसल की वर्तमान स्थिति, कम वर्षा होने के कारण कृषि विभाग की तैयारियों, विभिन्न जिलों में पेयजल के जलस्तर की स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री ने समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने 6 वर्ष पहले सितंबर माह में विभिन्न जिलों में भू–जलस्तर की स्थिति एवं इस वर्ष इसी माह में भू–जलस्तर का तुलनात्मक ब्योरा प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया कि जहां पेयजल की समस्या है, वहां क्षेत्र में कार्यरत कनीय अभियंता, सहायक अभियंता इत्यादि के माध्यम से प्रखण्डवार सर्वे करा लें और अगली बैठक में वस्तुस्थिति से अवगत करायें। हर घर नल का जल योजना के साथ–साथ चापाकल की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। ननफंक्शन्ड चापाकल को हटाया जाय और जहां जरुरत हो नए चापाकल लगाए जाएं। सार्वजनिक जगहों पर लगाने से ज्यादा से ज्यादा परिवार इसका लाभ उठा पाएंगे। पशुओं के पेयजल एवं उनके रहने के लिये जो व्यवस्था बनाने के निर्देश पहले दिए गए थे, उसके संबंध में पूरी तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव कृषि को निर्देश दिया कि वे जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से जमीनी स्तर पर सभी चीजों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लें ताकि अगली बैठक में किसानों के हित में निर्णय लिया जा सके। फसलों की रोपनी होने के बाद जो फसल सूख रहे हैं, उनकी किसान कटाई न करें ताकि सर्वेक्षण में पता चल सके और किसानों को फसल सहायता योजना का लाभ मिल सके। किसानों को तत्काल आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली सहायता के संबंध में विभाग तैयारी कर ले। सभी डाटा कलेक्शन 15 अक्टूबर तक तैयार कर लें ताकि उसकी समीक्षा कर किसानों को आपदा प्रबंधन संबंधी सहायता एवं फसल सहायता योजना के संबंध में निर्णय लिया जा सके।

बैठक में भारतीय मौसम विज्ञान के प्रतिनिधि ने बताया कि अगले दो दिन में पूर्व बिहार और उत्तर पूर्व बिहार में बारिश हो सकती है क्योंकि ईस्टर्ली विंड स्पायरल–वे बिहार की तरफ बढ़ रहा है।

बैठक में मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव श्री अतुल प्रसाद, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा एवं आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, निदेशक कृषि श्री आदेश तितरमारे, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******